# सिद्धार्थनगर पुलिस

## प्रेस नोट दिनांक 12.08.2026 जनपद सिद्धार्थनगर

**◆डॉ0 अभिषेक महाजन, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर ने जनता दर्शन में आये फरियादियों की समस्याएं/शिकायतों को सुना।**

आज दिनांक 12.08.2026 को वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर डॉ0 अभिषेक महाजन द्वारा पुलिस कार्यालय में जनसुनवाई किया गया। जनसुनवाई के दौरान कुल 09 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए। जिसमें भूमि विवाद 03, पारिवारिक विवाद 01, तथा शेष 05 अन्य से सम्बंधित थे। प्राप्त शिकायती प्रार्थना पत्रों का शीघ्र एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करने हेतु संबंधित को आदेशित किया गया।

## प्रेस नोट दिनांक 12.08.2026 जनपद सिद्धार्थनगर

**◆ डॉ0 अभिषेक महाजन वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद सिद्धार्थनगर द्वारा पुलिस लाइन सिद्धार्थनगर में व्यवहारिक प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे रिक्रूट आरक्षियों के साथ गोष्ठी की गई तथा सभी आरक्षियों को उनके कर्तव्यों, उत्तरदायित्वों एवं पुलिस सेवा के मूल सिद्धांतों के बारे में विस्तृत जानकारी दी गयी।**

डॉ0 अभिषेक महाजन, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद सिद्धार्थनगर द्वारा आज दिनांक 12.08.2026 को पुलिस लाइन सिद्धार्थनगर में व्यवहारिक प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे रिक्रूट आरक्षियों के साथ गोष्ठी की गई। गोष्ठी के दौरान महोदय ने सभी आरक्षियों को पुलिस सेवा के मूल सिद्धांतों, कर्तव्यों एवं उत्तरदायित्वों के बारे में विस्तृत जानकारी दी। साथ ही उन्हें व्यावहारिक प्रशिक्षण के महत्व को समझाते हुए जनता के साथ शालीनता, अनुशासन एवं संवेदनशीलता के साथ व्यवहार करने के निर्देश दिए। महोदय ने कहा कि प्रशिक्षण के दौरान प्राप्त ज्ञान को फील्ड में ईमानदारी और निष्ठा के साथ लागू करें, जिससे जनपद में कानून व्यवस्था और पुलिस की छवि और बेहतर हो सके। इस अवसर पर प्रशिक्षण अधिकारी व अन्य पुलिस अधिकारी/कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

## प्रेस नोट दिनांक 12.08.2026 जनपद सिद्धार्थनगर

**◆मिशन शक्ति फेज 5.0 (द्वितीय चरण) अभियान के तहत थाना भवानीगंज मिशन शक्ति टीम द्वारा थानाक्षेत्र के ग्राम भवानीगंज में बहू-बेटी सम्मेलन व साइबर जागरूकता अभियान के तहत महिलाओं/ बालिकाओं को महिला अपराध व उससे बचाव के सम्बन्ध मे जागरूक किया गया।**

डॉ0 अभिषेक महाजन वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद सिद्धार्थनगर द्वारा महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा में चलाए जा रहे अभियान के क्रम में प्रशांत कुमार प्रसाद अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के पर्यवेक्षण में व बृजेश कुमार वर्मा क्षेत्राधिकारी डुमरियागंज के कुशल निर्देशन में आज दिनांक 12.08.2026 थानाध्यक्ष विजय शंकर सिंह थाना भवानीगंज जनपद सिद्धार्थनगर के नेतृत्व में थानाक्षेत्र के ग्रामभवानीगंज में महिलाओं/ बालिकाओं को बहू बेटी सम्मेलन व साइबर जागरूकता अभियान के तहत चौपाल लगाकर जागरूक किया गया तथा खुद के साथ होने वाले अपराध से बचने के बारे मे जानकारी दी गयी तथा मिशन शक्ति 5.0 स्टीकर भी चस्पा किया गया। मा0 मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा उत्तर प्रदेश के सभी थानों पर स्थापित मिशन शक्ति केंद्र व सेल जहां पर अपनी समस्या को दर्ज करा सकती हैं। सम्मेलन में उपस्थित सभी बहू-बेटियों से खुद की समस्या कें बारे मे पूछा गया तो किसी भी बहू-बेटियों द्वारा कोई समस्या नही बतायी गयी। तथा मिशन शक्ति फेज 5.0 के विषय मे महिलाओं को महिला सम्वन्धी अपराध पर अंकुश लगाने हेतु जारी हेल्प लाइन 1090 वुमेन पावर लाइन, 181 महिला हेल्प लाइन, 1076 मुख्यमंत्री हेल्प लाइन, 112 पुलिस हेल्प लाइन, 1098 चाईल्ड केयर लाइन, 108 एम्बुलेंस हेल्प लाइन, 101 अग्निशमन हेल्प लाइन, 14567 एल्डर हेल्पलाइन, 1930 साइबर हेल्पलाइन नंबर नए कानून के बारे में जानकारी दी गई।

**मिशन शक्ति टीम थाना भवानीगंज जनपद सिद्धार्थनगर-**

01.उ0नि0 राम शब्द यादव

02.का0 रवि जायसवाल

03.का0 राजमणि

04.म0आ0 प्रियंका यादव

05.म0आ0 उर्मिला

# प्रेस नोट दिनांक 12.08.2026 जनपद सिद्धार्थनगर

**◆ थाना भवानीगंज कम्यूनिटी पुलिसिंग यूनिट (CPU) द्वारा थानाक्षेत्र के ग्राम चकमारूफ में भ्रमणशील होकर वरिष्ठ नागरिको/दिव्यांगजन के साथ कम्यूनिटी पुलिसिंग के सम्बन्ध में गोष्ठी की गयी।**

डॉ0 अभिषेक महाजन वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के आदेश के क्रम में प्रशांत कुमार प्रसाद, अपर पुलिस अधीक्षक के कुशल निर्देशन एवं बृजेश कुमार वर्मा क्षेत्राधिकारी डुमरियागंज के कुशल पर्यवेक्षण में व विजयशंकर सिंह थानाध्यक्ष भावानीगंज के नेतृत्व में कम्युनिटी पुलिसिंग अभियान के अंतर्गत आज दिनांक 12.08.2026 को थाना भवानीगंज क्षेत्रान्तर्गत ग्राम चकमारूफ में भ्रमणशील होकर जनसंवाद किया गया। बुजुर्ग नागरिक व दिव्यांग व्यक्तियों के साथ बैठकर/भ्रमणशील रहकर उनकी समस्याओं, आवश्यकताओं एवं कुशलक्षेम के संबंध में जानकारी प्राप्त की गई। उपस्थित ग्रामीणों द्वारा बताया गया कि उन्हें वृद्धावस्था पेंशन योजना का लाभ नियमित रूप से प्राप्त हो रहा है तथा उनके परिवार में किसी प्रकार की कोई समस्या नहीं है। सभी लोग आपसी सौहार्द एवं प्रसन्नता के साथ जीवनयापन कर रहे हैं। इस अवसर पर ग्रामीणों को शासन द्वारा संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी एवं सामाजिक सुरक्षा योजनाओं की जानकारी प्रदान करते हुए जागरूक किया गया। साथ ही कानून-व्यवस्था बनाए रखने, साइबर अपराधों से सतर्क रहने तथा किसी भी प्रकार की समस्या या आपात स्थिति में तत्काल पुलिस से संपर्क करने हेतु प्रेरित किया गया। ग्रामवासियों द्वारा पुलिस के इस जनसंपर्क एवं जागरूकता कार्यक्रम की सराहना करते हुए पुलिस के प्रति विश्वास एवं सहयोग की भावना व्यक्त की गई तथा भविष्य में भी ऐसे कार्यक्रम आयोजित किए जाने की अपेक्षा व्यक्त की गई।

**कम्युनिटी पुलिसिंग टीम थाना भवानीगंज जनपद सिद्धार्थनगर-**

01.उ0नि0 राम शब्द यादव

02.का0 राजमणि

03.का0 रवि जायसवाल

04.म0का0 उर्मिला

# प्रेस नोट दिनांक 12.08.2026 जनपद सिद्धार्थनगर

**◆ जनपद बस्ती में आयोजित 51वीं गोरखपुर जोन अन्तरजनपदीय पुलिस राइफल, रिवाल्वर ,पिस्टल, कार्बाइन व अलार्म एफिशिएंसी प्रतियोगिता में जनपद सिद्धार्थनगर की तरफ से खेलते हुए जनपद के निरीक्षक व उ0नि0 को पदक, पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर द्वारा किया गया सम्मानित।**

जनपद बस्ती में दिनांक 13.07.2026 से 03.08.2026 तक आयोजित 51वीं गोरखपुर जोन अन्तरजनपदीय पुलिस राइफल, रिवाल्वर ,पिस्टल, कार्बाइन व अलार्म एफिशिएंसी प्रतियोगिता में जनपद सिद्धार्थनगर की तरफ से खेलते हुए जनपद में नियुक्त निरीक्षक श्री सुरजनाथ सिंह व उ0नि0 श्री उमेश दुबे ने प्रतिभाग किया। उक्त प्रतियोगिता में निरीक्षक सूरजनाथ सिंह ने शानदार प्रदर्शन करते हुये कार्बाइन शूटिंग में 03 रजत पदक, पिस्टल शूटिंग में 01 कांस्य पदक तथा राइफल शूटिंग में 01 कांस्य पदक सहित कुल 05 पदक प्राप्त किये। तथा उ0नि0 उमेश दुबे ने शानदार प्रदर्शन करते हुये कार्बाइन शूटिंग में 01 रजत पदक तथा राइफल शूटिंग में 01 कांस्य पदक सहित कुल 02 पदक प्राप्त किये।

आज दिनांक 12.08.2026 को डॉ0 अभिषेक महाजन वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद सिद्धार्थनगर द्वारा कार्यालय में पदक पहनाकर निरीक्षक सूरजनाथ सिंह व उ0नि0 उमेश दुबे को सम्मानित किया गया तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए अन्य अधिकारी/कर्मचारियों को भी खेलों में बढ़-चढ़कर प्रतिभाग करने हेतु प्रोत्साहित किया गया।

## प्रेस नोट दिनांक 12.08.2026 जनपद सिद्धार्थनगर

**◆थाना उसका बाजार कम्यूनिटी पुलिसिंग यूनिट (CPU) द्वारा थानाक्षेत्र के ग्राम मंझरिया में वरिष्ठ नागरिको व दिव्यांगजनों के साथ कम्यूनिटी पुलिसिंग के सम्बन्ध में गोष्ठी की गयी।**

अपर पुलिस महानिदेशक गोरखपुर जोन गोरखपुर द्वारा चलाये जा रहे कम्यूनिटी पुलिसिंग यूनिट (CPU) अभियान के तहत, डॉ0 अभिषेक महाजन, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के आदेश के क्रम में प्रशान्त कुमार प्रसाद अपर पुलिस अधीक्षक जनपद सिद्धार्थनगर के कुशल निर्देशन व विश्वजीत सौरयान क्षेत्राधिकारी सदर के पर्यवेक्षण में आज दिनांक 12.08.2026 को प्रभारी निरीक्षक उसका बाजार संतोष कुमार तिवारी के नेतृत्व में थाना उसका बाजार कम्यूनिटी पुलिसिंग यूनिट (CPU) द्वारा थानाक्षेत्र के ग्राम मंझरिया में कम्यूनिटी पुलिसिंग अभियान के तहत वरिष्ठ नागरिको व दिव्यांगजनों के साथ गोष्ठी की गयी तथा उनकी समस्याओं को जाना गया तथा शासन द्वारा संचालित कल्याणकारी योजनाओं के बारे मे बताया गया, इस गोष्ठी का उद्देश्य पुलिस और स्थानीय समुदाय के बीच सहयोग व सहभागिता से विश्वास कायम करना है। CPU सामुदायिक कल्याण की गतिविधियों के माध्यम से जनता व पुलिस के बीच की दूरी को कम करेगी एवं CPU द्वारा बुजुर्गों से नियमित संपर्क, मदद हेतु सीधा नंबर उपलब्ध कराना, दिव्यांगजनों की सूची बनाकर संवाद, रेलवे स्टेशन/बस स्टैंड पर लावारिस बच्चों व बेसहारा लोगों की मदद, अनाथालय व वृद्धाश्रम में जाकर समस्याएं सुलझाना, मेलों में खोया-पाया केंद्र का संचालन तथा नशा व साइबर अपराध के खिलाफ जागरूकता जैसे कार्य किए जाएंगे। सभी उपस्थित लोगों ने पुलिस का पूर्ण सहयोग करने का आश्वासन दिया। साथ ही उपस्थित जनों को उच्चाधिकारियों के आदेशों-निर्देशों से भी अवगत कराया गया।

**थाना उसका बाजार कम्युनिटी पुलिस टीम का विवरण -**

01.उ0नि0 रामप्रसाद

02.हे0का0 सिकन्दर गुप्ता

03.म0का0 अंशू शुक्ला

## प्रेस नोट दिनांक 12.08.2026 जनपद सिद्धार्थनगर

**◆थाना कठेला समयमाता मिशन शक्ति पुलिस टीम द्वारा मिशन शक्ति फेज 5.0 द्वितीय चरण के तहत थाना क्षेत्र के ग्राम-कठेला शर्की की महिलाओं/बालिकाओं को महिला अपराध, नये कानून, तथा साइबर अपराध सुरक्षा व विभिन्न हेल्पलाइन नम्बरों आदि के बारे में पम्पलेट वितरित कर जागरुक किया गया।**

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर अभिषेक महाजन द्वारा महिलाओं एवं बालिकाओ की सुरक्षा में चलाए जा रहे अभियान के तहत आज दिनांक 12.08.2026 को अपर पुलिस अधीक्षक प्रशांत कुमार प्रसाद के पर्यवेक्षण व मयंक द्विवेदी क्षेत्राधिकारी शोहरतगढ़ के निर्देशन तथा प्रभारी निरीक्षक अरुण कुमार थाना कठेला समय माता के कुशल नेतृत्व में थाना कठेला समयमाता मिशन शक्ति टीम द्वारा मिशन शक्ति फेज 5.0 द्वितीय चरण के तहत ग्राम-कठेला शर्की में बहू/बेटी सम्मेलन कर महिलाओं एवं बालिकाओं को मिशन शक्ति के संबंध में सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न सरकारी योजनाये जैसे कि प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना व बहू सम्मेलन अभियान, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना, रानी लक्ष्मी बाई बाल एवं महिला सम्मान कोष, नारी शक्ति वंदन अधिनियम, मातृ शक्ति को सम्बल, निराश्रित महिला पेंशन योजना, मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना आदि विभिन्न सरकारी योजनाओ से अवगत कराया गया तथा महिला संबंधी अपराध पर अंकुश लगाने हेतु जारी हेल्प लाइन नम्बरों- 1090 वुमेन पावर लाइन,181 महिला हेल्प लाइन, 1076 मुख्यमंत्री हेल्प लाइन,112 पुलिस हेल्प लाइन,1098 चाईल्ड केयर लाइन, 108 एम्बुलेंस हेल्प लाइन,101अग्निशमन हेल्प लाइन,14567 एल्डर हेल्पलाइन, 1930 साइबर हेल्पलाइन नंबर से अवगत कराया गया।

**मिशन शक्ति टीम थाना कठेला समय माता जनपद सिद्धार्थनगर-**

01.म0का0 मीरा रानी

02.म0का0 अल्का कुमारी

03.म0का0 प्रिया

# प्रेस नोट दिनांक 12.08.2026 जनपद सिद्धार्थनगर

**◆मिशन शक्ति फेज 5.0 द्वितीय चरण अभियान के तहत थाना इटवा मिशन शक्ति टीम द्वारा थानाक्षेत्र के ग्राम सेमरी की बालिकाओं/महिलाओं को बहू बेटी सम्मेलन कार्यक्रम, साइबर जागरूकता अभियान के तहत जागरुक किया गया।**

डॉ0 अभिषेक महाजन, पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के आदेश के क्रम में महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा में चलाए जा रहे अभियान के तहत आज दिनांक 12/08/2026 को अपर पुलिस अधीक्षक महोदय प्रशांत कुमार प्रसाद के पर्यवेक्षण में क्षेत्राधिकारी महोदय इटवा पविन प्रकाश के निर्देशन तथा प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार मिश्रा थाना इटवा के कुशल नेतृत्व में मिशन शक्ति फेज 5.0 द्वितीय चरण अभियान के तहत थाना इटवा मिशन शक्ति टीम द्वारा थानाक्षेत्र के ग्राम सेमरी की बालिकाओं/महिलाओं को साइबर क्राइम, मिशन शक्ति केंद्र, बहू बेटी सम्मेलन एवं नए कानून संबंधी बातों को बताते हुए कार्यक्रम के अंतर्गत महिला संबंधी अपराध पर अंकुश लगाने हेतु निम्न हेल्पलाइन नंबरों-112, पुलिस आपातकालीन सेवा 1090, वूमेन पावर हेल्पलाइन 1076, माननीय मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 108, एंबुलेंस सेवा 1930, साइबर अपराध हेल्पलाइन 1098, चाइल्ड हेल्पलाइन 102, स्वास्थ्य सेवा के बारे में जानकारी दी गई।

**मिशन शक्ति टीम थाना इटवा जनपद सिद्धार्थनगर-**

01. उ0नि0 राजेन्द्र शाही
02.का0 सुशांत शर्मा, द्रिकपाल, मो0 हातिम
03.म0का0 साधना यादव, म0का0 ज्योति

# प्रेस नोट दिनांक 12.08.2026 जनपद सिद्धार्थनगर

**◆मिशन शक्ति फेज 5.0 (द्वितीय चरण) अभियान एवं मिशन मजनू के तहत थाना गोल्हौरा मिशन शक्ति टीम द्वारा थानाक्षेत्र के स्वामी विवेकानंद पब्लिक स्कूल जिगनिहवा की छात्राओं को महिला संबंधी अपराध, साइबर अपराध व उससे बचाव के संबंध मे जागरूक किया गया।**

डॉ0 अभिषेक महाजन वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद सिद्धार्थनगर द्वारा महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा में चलाए जा रहे अभियान के क्रम में आज दिनांक 12.08.2026 को प्रशांत कुमार प्रसाद अपर पुलिस अधीक्षक जनपद सिद्धार्थनगर के निर्देशन व पवीन प्रकाश क्षेत्राधिकारी इटवा के पर्यवेक्षण तथा थानाध्यक्ष रामदेव थाना गोल्हौरा के कुशल नेतृत्व में मिशन शक्ति फेज 5.0 (द्वितीय चरण) अभियान के क्रम में थाना गोल्हौरा मिशन शक्ति टीम द्वारा थाना क्षेत्र के विभिन्न स्थलों पर मिशन मजनू, एण्टीरोमियो चेकिंग की गई तथा थानाक्षेत्र के स्वामी विवेकानंद पब्लिक स्कूल जिगनिहवा की छात्राओं को महिला संबंधी अपराध, साइबर अपराध व उससे बचाव के संबंध मे जागरूक किया गया तथा मिशन शक्ति फेज 05 (द्वितीय चरण) कार्यक्रम, महिला सशक्तिकरण, एंटीरोमियो अभियान एवं साइबर अपराध सुरक्षा कार्यक्रम के अंतर्गत जानकारी देते हुए विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों-112 पुलिस आपातकालीन सेवा, 1090 वूमेन पावर हेल्पलाइन, 1076 माननीय मुख्यमंत्री हेल्पलाइन, 108 एंबुलेंस सेवा, 1930 साइबर अपराध हेल्पलाइन,1098 चाइल्ड हेल्पलाइन, 102 स्वास्थ्य सेवा, 181 वीमेन हेल्पलाइन, 101अग्निशमन सेवा आदि के बारे में जागरूक किया गया।

**मिशन शक्ति टीम थाना गोल्हौरा जनपद सिद्धार्थनगर-**

1.उ0नि0 दीनदयाल सिंह

2.आ0 मनीष वर्मा

3.म0आ0 चाँदनी मिश्रा

4.म0आ0 बबिता सिंह

# प्रेस नोट दिनांक 12.08.2026 जनपद सिद्धार्थनगर

**◆मिशन शक्ति फेज 5.0 (द्वितीय चरण) अभियान के तहत थाना कपिलवस्तु की मिशन शक्ति टीम द्वारा थानाक्षेत्र के ग्राम गुलाबगढ़ में मिशन मजनू/साईबर जागरूकता अभियान के तहत महिलाओं/बालिकाओं को महिला अपराध, साइबर अपराध व उससे बचाव के सम्बन्ध में जागरूक किया गया।**

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक महोदय सिद्धार्थनगर डॉ0 अभिषेक महाजन द्वारा महिलाओं एवं बालिकाओ की सुरक्षा में चलाए जा रहे अभियान के तहत आज दिनांक 12.08.2026 को अपर पुलिस अधीक्षक प्रशांत कुमार प्रसाद के निर्देशन में व विश्वजीत सौरयान क्षेत्राधिकारी सदर के कुशल पर्यवेक्षण में व थानाध्यक्ष विनय प्रताप सिंह थाना कपिलवस्तु जनपद सिद्धार्थनगर के नेतृत्व में थानाक्षेत्र के ग्राम गुलाबगढ़ में मिशन मजनू के तहत महिलाओं व बच्चियों को जागरूक किया गया तथा खुद के साथ होने वाले अपराध से बचने के बारे मे जानकारी दी गयी दहेज उत्पीड़न पॉक्सो एक्ट महिला संबन्धित मुकदमों में पीड़िताओं की काउंसलिंग की गई तथा मिशन शक्ति 5.0 स्टीकर भी चस्पा किया गया। उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा उत्तर प्रदेश के सभी थानों पर स्थापित मिशन शक्ति केंद्र जहां पर अपनी समस्या को दर्ज करा सकती हैं के बारे में जानकारी दी गई तथा मिशन शक्ति फेज 5.0 के विषय मे महिलाओं को महिला सम्वन्धी अपराध पर अंकुश लगाने हेतु जारी हेल्प लाइन नम्बरों- 1090 वुमेन पावर लाइन, 181 महिला हेल्प लाइन, 1076 मुख्यमंत्री हेल्प लाइन, 112 पुलिस हेल्प लाइन, 1098 चाईल्ड केयर लाइन, 108 एम्बुलेंस हेल्प लाइन, 101 अग्निशमन हेल्प लाइन, 14567 एल्डर हेल्पलाइन, 1930 साइबर हेल्पलाइन नंबर व नए कानून के बारे में जानकारी दी गई।

**मिशन शक्ति टीम थाना कपिलवस्तु जनपद सिद्धार्थनगर-**

1.उ0नि0 रविन्द्रनाथ यादव
2.का0 रत्नेश यादव
3.म0आ0 सुषमा वर्मा
4.म0आ0 दीक्षा सिंह

## प्रेस नोट दिनांक 12.08.2026 जनपद सिद्धार्थनगर

**◆मिशन शक्ति फेज 5.0 (द्वितीय चरण) अभियान के तहत थाना मोहाना की मिशन शक्ति टीम द्वारा थानाक्षेत्र के ग्राम शिवरामपुर में मिशन मजनू/साईबर जागरूकता अभियान के तहत महिलाओं/बालिकाओं को महिला अपराध व उससे बचाव के सम्बन्ध में जागरूक किया गया।**

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक महोदय सिद्धार्थनगर डॉ0 अभिषेक महाजन द्वारा महिलाओं एवं बालिकाओ की सुरक्षा में चलाए जा रहे अभियान के तहत आज दिनांक 12.08.2026 को अपर पुलिस अधीक्षक प्रशांत कुमार प्रसाद के निर्देशन में व विश्वजीत सौरयान क्षेत्राधिकारी सदर के कुशल पर्यवेक्षण में व थानाध्यक्ष जितेन्द्र सिंह थाना मोहाना जनपद सिद्धार्थनगर के नेतृत्व में थानाक्षेत्र के ग्राम शिवरामपुर में मिशन मजनू के तहत महिलाओं व बच्चियों को जागरूक किया गया तथा खुद के साथ होने वाले अपराध से बचने के बारे मे जानकारी दी गयी दहेज उत्पीड़न पॉक्सो एक्ट महिला संबन्धित मुकदमों में पीड़िताओं की काउंसलिंग की गई तथा मिशन शक्ति 5.0 स्टीकर भी चस्पा किया गया। उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा उत्तर प्रदेश के सभी थानों पर स्थापित मिशन शक्ति केंद्र जहां पर अपनी समस्या को दर्ज करा सकती हैं के बारे में जानकारी दी गई तथा मिशन शक्ति फेज 5.0 के विषय मे महिलाओं को महिला सम्वन्धी अपराध पर अंकुश लगाने हेतु जारी हेल्प लाइन नम्बरों- 1090 वुमेन पावर लाइन, 181 महिला हेल्प लाइन, 1076 मुख्यमंत्री हेल्प लाइन, 112 पुलिस हेल्प लाइन, 1098 चाईल्ड केयर लाइन, 108 एम्बुलेंस हेल्प लाइन, 101 अग्निशमन हेल्प लाइन, 14567 एल्डर हेल्पलाइन, 1930 साइबर हेल्पलाइन नंबर व नए कानून के बारे में जानकारी दी गई।

**मिशन शक्ति टीम थाना मोहाना जनपद सिद्धार्थनगर-**

1.उ0नि0 जयमाल

2.हे0का0 विनोद भारती

3.रि0म0आ0 शशि यादव

# प्रेस नोट दिनांक 12.08.2026 जनपद सिद्धार्थनगर

**◆थाना मोहाना कम्यूनिटी पुलिसिंग यूनिट (CPU) द्वारा थानाक्षेत्र के ग्राम मधुबनी टोला जनकपुर मे वरिष्ठ नागरिको/दिव्यांगजन के साथ कम्यूनिटी पुलिसिंग के सम्बन्ध में गोष्ठी की गयी तथा उनकी समस्याओं के संबंध मे जानकारी प्राप्त की गयी व कल्याणकारी योजनाओं के बारे मे जानकारी दी गयी।**

डॉ0 अभिषेक महाजन वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के आदेश के क्रम में प्रशांत कुमार प्रसाद, अपर पुलिस अधीक्षक के कुशल निर्देशन एवं विश्वजीत सौरयान क्षेत्राधिकारी सदर के कुशल पर्यवेक्षण में व जितेन्द्र सिंह थानाध्यक्ष मोहाना के नेतृत्व में कम्युनिटी पुलिसिंग अभियान के अंतर्गत आज दिनांक 12.08.2026 को थाना मोहाना क्षेत्रान्तर्गत ग्राम मधुबनी टोला जनकपुर में जाकर जनसंवाद एवं गोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्ठी के दौरान लगभग 70 वर्षीय व उससे अधिक के बुजुर्ग नागरिक व दिव्यांग व्यक्तियों के साथ बैठकर व भ्रमण कर उनकी समस्याओं, आवश्यकताओं एवं कुशलक्षेम के संबंध में जानकारी प्राप्त की गई। उपस्थित ग्रामीणों द्वारा बताया गया कि उन्हें वृद्धावस्था पेंशन योजना का लाभ नियमित रूप से प्राप्त हो रहा है तथा उनके परिवार में किसी प्रकार की कोई समस्या नहीं है। सभी लोग आपसी सौहार्द एवं प्रसन्नता के साथ जीवनयापन कर रहे हैं। इस अवसर पर ग्रामीणों को शासन द्वारा संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी एवं सामाजिक सुरक्षा योजनाओं की जानकारी प्रदान करते हुए जागरूक किया गया। साथ ही कानून-व्यवस्था बनाए रखने, साइबर अपराधों से सतर्क रहने तथा किसी भी प्रकार की समस्या या आपात स्थिति में तत्काल पुलिस से संपर्क करने हेतु प्रेरित किया गया। ग्रामवासियों द्वारा पुलिस के इस जनसंपर्क एवं जागरूकता कार्यक्रम की सराहना करते हुए पुलिस के प्रति विश्वास एवं सहयोग की भावना व्यक्त की गई तथा भविष्य में भी ऐसे कार्यक्रम आयोजित किए जाने की अपेक्षा व्यक्त की गई।

**कम्युनिटी पुलिसिंग टीम थाना मोहाना जनपद सिद्धार्थनगर-**

01.उ0नि0 विजय प्रताप यादव

02.का0 विजय

03.म0का0अंजू वर्मा

04.म0का0काजल अग्रहरि

# प्रेस नोट दिनांक 12.08.2026 जनपद सिद्धार्थनगर

**◆कम्युनिटी पुलिसिंग अभियान के तहत थाना चिल्हिया कम्युनिटी पुलिस टीम द्वारा थानाक्षेत्र के ग्राम बेलवा में वरिष्ठ नागरिकों व दिव्यांगजनों के साथ गोष्ठी का आयोजन किया गया।**

अपर पुलिस महानिदेशक गोरखपुर जोन गोरखपुर द्वारा चलाये जा रहे कम्युनिटी पुलिसिंग अभियान के तहत डॉ. अभिषेक महाजन वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के आदेश के क्रम में तथा प्रशांत कुमार प्रसाद, अपर पुलिस अधीक्षक के कुशल निर्देशन एवं क्षेत्राधिकारी शोहरतगढ़ मयंक द्विवेदी के पर्यवेक्षण में, प्रभारी निरीक्षक राजेश गुप्ता की नेतृत्व में संचालित कम्युनिटी पुलिसिंग अभियान के तहत आज दिनांक 12.08.2026 को थाना चिल्हिया कम्युनिटी पुलिस टीम द्वारा थाना क्षेत्र के ग्राम बेलवा में जनसंवाद एवं गोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्ठी के दौरान वरिष्ठ नागरिको व दिव्यांगजनों सहित ग्रामवासियों के साथ बैठकर उनकी समस्याओं, आवश्यकताओं एवं कुशल क्षेत्र के संबंध में जानकारी प्राप्त की गई। इस अवसर पर ग्रामीणों को शासन द्वारा संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी एवं सामाजिक सुरक्षा योजनाओं की जानकारी प्रदान करते हुए जागरूक किया गया। साथ ही कानून-व्यवस्था बनाए रखने, साइबर अपराधों से सतर्क रहने तथा किसी भी प्रकार की समस्या या आपात स्थिति में तत्काल पुलिस से संपर्क करने हेतु प्रेरित किया गया। ग्रामवासियों द्वारा पुलिस के इस जनसंपर्क एवं जागरूकता कार्यक्रम की सराहना करते हुए पुलिस के प्रति विश्वास एवं सहयोग की भावना व्यक्त की गई।

# प्रेस नोट दिनांक 12.08.2026 जनपद सिद्धार्थनगर

**◆थाना मिश्रौलिया कम्यूनिटी पुलिसिंग यूनिट (CPU) द्वारा थानाक्षेत्र के ग्राम माधापुर खुर्द में 70 वर्ष से अधिक आयु के बुजुर्गों एवं दिव्यांगजनों से भेंट कर उनकी समस्याओं के संबंध में पूछताछ की गई तथा शासन द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी गई।**

डॉ0 अभिषेक महाजन वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के आदेश के क्रम में तथा प्रशांत कुमार प्रसाद, अपर पुलिस अधीक्षक के कुशल निर्देशन एवं प्रवीन प्रकाश क्षेत्राधिकारी इटवा के कुशल पर्यवेक्षण में, प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार श्रीवास्तव निर्देशन में संचालित कम्युनिटी पुलिसिंग अभियान के अंतर्गत आज दिनांक 12.08.2026 को थाना मिश्रौलिया जनपद सिद्धार्थनगर के ग्राम माधापुर खुर्द में भ्रमण सील होकर जनसंवाद एवं गोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्ठी के दौरान 01 दिव्यांग एवं लगभग 70 वर्षीय कुल 05 बुजुर्ग नागरिक सहित ग्राम ग्रामवासियों के साथ बैठकर उनकी समस्याओं, आवश्यकताओं एवं कुशलक्षेम के संबंध में जानकारी प्राप्त की गई। उपस्थित ग्रामीणों द्वारा बताया गया कि उन्हें वृद्धावस्था पेंशन योजना का लाभ नियमित रूप से प्राप्त हो रहा है तथा उनके परिवार में किसी प्रकार की कोई समस्या नहीं है। सभी लोग आपसी सौहार्द एवं प्रसन्नता के साथ जीवनयापन कर रहे हैं।
इस अवसर पर ग्रामीणों को शासन द्वारा संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी एवं सामाजिक सुरक्षा योजनाओं की जानकारी प्रदान करते हुए जागरूक किया गया। साथ ही कानून-व्यवस्था बनाए रखने, साइबर अपराधों से सतर्क रहने तथा किसी भी प्रकार की समस्या या आपात स्थिति में तत्काल पुलिस से संपर्क करने हेतु प्रेरित किया गया।

ग्रामवासियों द्वारा पुलिस के इस जनसंपर्क एवं जागरूकता कार्यक्रम की सराहना करते हुए पुलिस के प्रति विश्वास एवं सहयोग की भावना व्यक्त की गई तथा भविष्य में भी ऐसे कार्यक्रम आयोजित किए जाने की अपेक्षा व्यक्त की गई।

**कम्युनिटी पुलिसिंग टीम थाना मिश्रौलिया जनपद सिद्धार्थनगर-**
01.उ0नि0 सुभाष यादव
02.का.राबर्टपाल सेमुअल
03.रि0म0का0 आरक्षी कीर्ति

## प्रेस नोट दिनांक 12.08.2026 जनपद सिद्धार्थनगर

**◆कम्युनिटी पुलिसिंग अभियान के तहत थाना पथरा बाजार कम्युनिटी पुलिस टीम द्वारा थानाक्षेत्र के ग्राम मिश्रौलिया में वरिष्ठ नागरिको के साथ गोष्ठी का आयोजन किया गया।**

डॉ0 अभिषेक महाजन वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक महोदय के आदेश के क्रम में प्रशान्त कुमार प्रसाद अपर पुलिस अधीक्षक जनपद सिद्धार्थनगर के कुशल निर्देशन व क्षेत्राधिकारी डुमरियागंज बृजेश कुमार वर्मा के पर्यवेक्षण में तथा थानाध्यक्ष ओम प्रकाश मिश्र के नेतृत्व में संचालित कम्युनिटी पुलिसिंग अभियान के अंतर्गत आज दिनांक 12.08.2026 को थाना पथरा बाजार ग्राम मिश्रौलिया में जनसंवाद एवं गोष्ठी का आयोजन किया गया, गोष्ठी के दौरान 70 वर्षीय कुल 10 बुजुर्ग नागरिक सहित ग्रामवासियों के साथ बैठकर उनकी समस्याओं, आवश्यकताओं एवं कुशलक्षेम के संबंध में जानकारी प्राप्त की गई। उपस्थित ग्रामीणों द्वारा बताया गया कि उन्हें वृद्धावस्था पेंशन योजना का लाभ नियमित रूप से प्राप्त हो रहा है तथा उनके परिवार में किसी प्रकार की कोई समस्या नहीं है । सभी लोग आपसी सौहार्द एवं प्रसन्नता के साथ जीवनयापन कर रहे हैं । इस अवसर पर ग्रामीणों को शासन द्वारा संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी एवं सामाजिक सुरक्षा योजनाओं की जानकारी प्रदान करते हुए जागरूक किया गया। साथ ही कानून-व्यवस्था बनाए रखने, साइबर अपराधों से सतर्क रहने तथा किसी भी प्रकार की समस्या या आपात स्थिति में तत्काल पुलिस से संपर्क करने हेतु प्रेरित किया गया।

**कम्युनिटी पुलिसिंग यूनिट टीम थाना पथरा बाजार जनपद सिद्धार्थनगर-**

01.उ0नि0 विजय सिंह

02.का0 सुदामा यादव

03.म0 का0 ओमलता शुक्ला

## प्रेस नोट दिनांक 12.08.2026 जनपद सिद्धार्थनगर

**◆क्षेत्राधिकारी बांसी द्वारा सर्किल बांसी कार्यालय पर थाना खेसरहा के मिशन शक्ति केन्द्र टीम एवं सीसी टीम के अधिकारी/कर्मचारीगण के साथ बैठक कर उनके कार्यों की समीक्षा की गई।**

आज दिनांक 12.08.2026 को शुबेन्दु सिंह क्षेत्राधिकारी बांसी द्वारा सर्किल बांसी कार्यालय पर थाना खेसरहा के मिशन शक्ति केन्द्र टीम एवं सीसी टीम के अधिकारी/कर्मचारीगण के साथ बैठक कर कार्यों की समीक्षा की गई। बैठक में महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, मिशन शक्ति अभियान के तहत चलाए जा रहे जागरूकता कार्यक्रमों एवम् संबंधित अधिकारियों व कर्मचारियों को महिला सुरक्षा से संबंधित शिकायतों का त्वरित निस्तारण करने, स्कूल-कॉलेज व बाजारों के आसपास विशेष अभियान चलाने तथा संदिग्ध व्यक्तियों पर कड़ी निगरानी रखने हेतु निर्देशित किया गया तथा सड़क दुर्घटनाओं के रोकथाम हेतु सीसी टीम को गश्त/चेकिंग बढ़ाने के निर्देश भी दिए।

# प्रेस नोट दिनांक 12.08.2026 जनपद सिद्धार्थनगर

**साइबर जागरूकता अभियान के तहत (Investment Fraud)/Cyber awareness के दृष्टिगत थाना मोहाना साइबर सेल टीम द्वारा थाना क्षेत्र के अलजामिल्लतुल इस्लामिया तिलकहना मदरसा मे साइबर कार्यशाला का आयोजन कर विद्यार्थियों को जागरूक किया गया।**

श्रीमान् पुलिस महानिदेशक साइबर क्राइम उ0प्र0 के पत्र संख्या- सा0क्रा0 (जागरुकता)/2026 के अनुपालन में माह अगस्त के प्रत्येक सप्ताह के बुधवार को जागरुकता अभियान व वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर डॉ0 अभिषेक महाजन द्वारा "साइबर अपराध सुरक्षा जागरूकता अभियान" के संबंध में दिए गए निर्देश के क्रम में व अपर पुलिस अधीक्षक प्रशांत कुमार प्रसाद, विश्वजीत सौरयान क्षेत्राधिकारी सदर के कुशल पर्यवेक्षण में आज दिनांक 12.08.2026 को थानाध्यक्ष मोहाना जितेन्द्र सिंह द्वारा थाना क्षेत्र के अलजामिल्लतुल इस्लामिया तिलकहना मदरसा थाना मोहाना जनपद सिद्धार्थनगर मे द्वितीय बुधवार (Investment Fraud )/ Cyber awareness मे विद्यार्थियों को जागरूकता करते हुए कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमे साइबर अपराध से बचने हेतु जागरुक किया गया तथा हेल्पलाइन नंबर 1930' साइबर क्राइम लिंक, साइबर अपराध से जागरूकता, फेक न्यूज , आनलाइन गेमिंग आदि के सम्बन्ध में जानकारी दी गई । उक्त साइबर कार्यशाला में थाना खेसरहा के अधिकारी/कर्मचारीगण के साथ-साथ कालेज के अध्यापकगण मौजूद रहें।

**साइबर सेल टीम थाना मोहाना-**

01.थानाध्यक्ष जितेन्द्र सिंह

02.उ0नि0 धर्मेन्द्र प्रसाद यादव

03.क0आ0 प्रदीप कुशवाहा

04.हे0का0 भूपेन्द्र कुमार सिंह

05.रि0का0 करन राजवंशी

# प्रेस नोट दिनांक 12.08.2026 जनपद सिद्धार्थनगर

**◆"आपरेशन कन्विक्शन" के तहत जिला मानिटरिंग सेल व थाना उसका बाजार पुलिस की प्रभावी पैरवी से मारपीट के 04 आरोपियों को न्यायालय उठने तक व कुल ₹4,800/- के अर्थदण्ड से दण्डित कराया गया।**

पुलिस महानिदेशक महोदय द्वारा चलाये जा रहे "आपरेशन कन्विक्शन" के तहत डॉ0 अभिषेक महाजन, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के निर्देशन में अपराधियों के विरूद्ध प्रभावी पैरवी कराकर सजा दिलाने के क्रम में आज दिनांक 12.08.2026 को वाद सं0-632/2021 NCR- 240/2020 धारा 323,504 भा0द0वि0 थाना उसका बाजार में पुलिस की प्रभावी पैरवी पर माननीय न्यायाधीश श्री आदेश कुमार श्रीवास्तव, न्यायालय एसीजे जनपद सिद्धार्थनगर द्वारा मुकदमा उपरोक्त से सम्बन्धित अभियुक्तगण 01.असलम पुत्र यासीन 02.असरुननिशा पत्नि असलम, 03. तवस्सुम पत्नि गग्गर व 04 मंगरी पुत्री असलम निवासीगण नगवा थाना उसका बाजार जनपद सिद्धार्थनगर को न्यायालय उठने तक व कुल ₹4,800/- के अर्थदण्ड से दण्डित कराया गया। सजा कराये जाने में जिला मानिटरिंग सेल, अभियोजक श्री अजय कुमार गौतम तथा न्यायालय पैरोकार आरक्षी मोनू सिंह थाना उसका बाजार का सराहनीय योगदान रहा।

# प्रेस नोट दिनांक 12.08.2026 जनपद सिद्धार्थनगर

**◆"आपरेशन कन्विक्शन" के तहत जिला मानिटरिंग सेल व थाना उसका बाजार पुलिस की प्रभावी पैरवी से मारपीट के 01 आरोपी को न्यायालय उठने तक व कुल ₹15,00/- के अर्थदण्ड से दण्डित कराया गया।**

पुलिस महानिदेशक महोदय द्वारा चलाये जा रहे "आपरेशन कन्विक्शन" के तहत डॉ0 अभिषेक महाजन, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के निर्देशन में अपराधियों के विरूद्ध प्रभावी पैरवी कराकर सजा दिलाने के क्रम में आज दिनांक 12.08.2026 को वाद सं0-147/2018 NCR- 132/2017 धारा 323,504,427 भा0द0वि0 थाना उसका बाजार में पुलिस की प्रभावी पैरवी पर माननीय न्यायाधीश श्री आदेश कुमार श्रीवास्तव, न्यायालय एसीजे जनपद सिद्धार्थनगर द्वारा मुकदमा उपरोक्त से सम्बन्धित अभियुक्त 01.बजीउल्लाह पुत्र समीउल्ला निवासी सेमरहना टाला-भवनियापुर थाना उसका बाजार जनपद सिद्धार्थनगर को न्यायालय उठने तक व कुल ₹15,00/- के अर्थदण्ड से दण्डित कराया गया। सजा कराये जाने में जिला मानिटरिंग सेल, अभियोजक श्री अजय कुमार गौतम तथा न्यायालय पैरोकार आरक्षी मोनू सिंह थाना उसका बाजार का सराहनीय योगदान रहा।

## प्रेस नोट दिनांक 12.08.2026 जनपद सिद्धार्थनगर

◆ **“आपरेशन कन्विक्शन” के तहत जिला मानिटरिंग सेल व थाना इटवा पुलिस की प्रभावी पैरवी से एनडीपीएस एक्ट के आरोपी को 02 वर्ष के कठोर कारावास व ₹ 2,000/- के अर्थदण्ड से दण्डित कराया गया।**

पुलिस महानिदेशक महोदय द्वारा चलाये जा रहे “आपरेशन कन्विक्शन” के तहत डॉ0 अभिषेक महाजन, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के निर्देशन में अपराधियों के विरूद्ध प्रभावी पैरवी कराकर सजा दिलाने के क्रम में आज दिनांक 12.08.2026 को वाद सं0-26/2019 मु0अ0सं0-120/2019 धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट थाना इटवा में पुलिस की प्रभावी पैरवी पर माननीय न्यायाधीश श्री मोहम्मद रफी, अपर जिला एंव सत्र न्यायाधीश कक्ष संख्या -01 जनपद सिद्धार्थनगर द्वारा मुकदमा उपरोक्त से सम्बन्धित अभियुक्त आफताब आलम पुत्र रौवाब अली निवासी इटवा थाना इटवा जनपद सिद्धार्थनगर को धारा 21(b) स्वापक औषधि एंव मन: प्रभावी पदार्थ अधिनियम के तहत 02 के कठोर कारावास व ₹ 2,000/- के अर्थदण्ड से दण्डित कराया गया। सजा कराये जाने में जिला मानिटरिंग सेल, अभियोजक श्री रामसूरत यादव तथा न्यायालय पैरोकार आरक्षी संजय चौरसिया थाना इटवा का सराहनीय योगदान रहा।

# प्रेस नोट दिनांक 12.08.2026 जनपद सिद्धार्थनगर

**◆क्षेत्राधिकारी शोहरतगढ़ द्वारा थाना चिल्हिया पुलिस के साथ आगामी त्यौहार श्रावण मास व जनपद में शांति व्यवस्था, सतर्कता एवं सुरक्षा को सुदृढ़ बनाए रखने हेतु कस्बा चिल्हिया में पैदल गश्त/भ्रमण किया गया।**

आज दिनांक 12.08.2026 को मयंक द्विवेदी क्षेत्राधिकारी शोहरतगढ़ द्वारा आगामी त्यौहार श्रावण मास, कावड़ यात्रा व जनपद में शांति व्यवस्था, सतर्कता एवं सुरक्षा को सुदृढ़ बनाए रखने हेतु थाना चिल्हिया पुलिस के साथ कस्बा चिल्हिया में पैदल गश्त/भ्रमण किया गया तथा आम जनमानस मे सुरक्षा का एहसास कराते हुये आपस में सौहार्द बनाये रखने हेतु अपील की गयी। इस दौरान राजेश कुमार गुप्ता प्रभारी निरीक्षक चिल्हिया सहित अन्य अधिकारी कर्मचारीगण मौजूद रहें।

## प्रेस नोट दिनांक 12.08.2026 जनपद सिद्धार्थनगर

**◆क्षेत्राधिकारी शोहरतगढ़ द्वारा थाना चिल्हिया पर लम्बित विवेचनाओं के निस्तारण के सम्बन्ध में थाना चिल्हिया के सभी विवेचकगण का अर्दली रूम किया गया व लम्बित विवेचनाओं के निस्तारण के सम्बन्ध में आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए।**

डॉ0 अभिषेक महाजन वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के आदेश के क्रम में, प्रशान्त कुमार प्रसाद अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के निर्देशन में आज दिनांक 12.08.2026 को मंयक द्विवेदी, क्षेत्राधिकारी शोहरतगढ़ द्वारा सर्किल शोहरतगढ़ के थाना चिल्हिया का अर्दली रुम/अपराध समीक्षा गोष्ठी कर कानून-व्यवस्था की समीक्षा की गयी तथा विवेचकगण को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये। तत्पश्चात विवेचनाओं के निस्तारण, ई-साक्ष्य ऐप, इ-सम्मन ऐप, पुराने मामलों के निस्तारण, जनशिकायत द्वारा प्राप्त प्रार्थना-पत्रों के निस्तारण के सम्बन्ध में कड़े निर्देश दिये गये। शहर व ग्रामीण इलाकों में पैदल गश्त, साइबर अपराध के रोकथाम सम्बन्धी प्रचार-प्रसार, साक्ष्य के आधार पर विवेचनाओं का निस्तारण एवं अभियुक्तों के प्रति वैधानिक कार्यवाही, साइबर अपराध, निरोधात्मक कार्यवाही में गुण्डा अधिनियम, गैंगेस्टर अधिनियम जांच के अन्तर्गत कार्यवाही किये जाने आदि बिन्दुओं पर निर्देश दिया गया।

# प्रेस नोट दिनांक 12.08.2026 जनपद सिद्धार्थनगर

**◆जनपदीय पुलिस द्वारा आगामी त्यौहार श्रावण मास व जनपद में शांति व्यवस्था, सतर्कता एवं सुरक्षा को सुदृढ़ बनाए रखने हेतु अपने-अपने थाना क्षेत्रो में पैदल गश्त/चेकिंग किया गया।**

डॉ0 अभिषेक महाजन वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के आदेश के क्रम में आज दिनांक 12.08.2026 को प्रशान्त कुमार प्रसाद अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के निर्देशन में समस्त प्रभारी निरीक्षक/ थानाध्यक्ष द्वारा आगामी त्यौहार श्रावण मास, कावड़ यात्रा, जनपद में शांति व्यवस्था, सतर्कता एवं सुरक्षा को सुदृढ़ बनाए रखने हेतु अपने-अपने थाना क्षेत्रों में पड़ने वाले चिह्नित हॉट स्पाट पर एवं उसके आस-पास के क्षेत्रों में पैदल गश्त/चेकिंग किया जा रहा है तथा आम जनमानस मे सुरक्षा का एहसास कराते हुये आपस में सौहार्द बनाये रखने हेतु अपील की गयी।